**BSWE-001**

# समाज कार्य में स्नातक उपाधि

# (बी.एस.डब्ल्यू. – प्रथम वर्ष)

# सत्रीय कार्य : 2012–13

## पाठ्यक्रम शीर्षक

बी.एस.डब्ल्यू.ई. – 001 : समाज कार्य का परिचय

**अध्ययन केंद्र में सत्रीय कार्य जमा कराने की अन्तिम तारीख :**

**जुलाई सत्र – जनवरी 30, 2013**

**जनवरी सत्र – जुलाई 30, 2013**

इग्नू
जन जन का विश्वविद्यालय

**समाज कार्य विद्यापीठ**
**इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय**
**मैदान गढ़ी, नई दिल्ली – 110 068**

प्रिय विद्यार्थी,

इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) के बी.एस.डब्ल्यू. कार्यक्रम में आपका स्वागत है। आपने समाज कार्य में स्नाकोत्तर होने के लिए यह कार्यक्रम एक उद्देश्य के साथ चुना है ताकि आप हमारी मानवजाति की सामाजिक दशाएं सुधारने के लिए अपनी योग्यता प्रमाणित कर सकें। एम.एस.डब्ल्यू. कार्यक्रम को सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए, कृपया निम्नलिखित बातों का पालन करें:

- अपना अध्ययन आरंभ करने से पहले कार्यक्रम दर्शिका को पढ़िए। इससे इग्नू के बी.एस.डब्ल्यू. अध्ययन करने के बारे में आपके अधिकतर संदेह दूर हो जाएंगे।
- आप अपने सत्रीय कार्य आपने अध्ययन केंद्र में समय पर जमा कराएं।
- अपने अध्ययन केंद्र और क्षेत्रीय केंद्र के संपर्क में रहें।
- परीक्षा फार्म समय पर भरें।
- अपने प्रयोगात्मक कार्य व्यावसायिक रूप से योग्य समाज कार्यकर्ता जिसके पास एम.एस.डब्ल्यू/एम.ए. (समाज कार्य) की उपाधि हो और जिसे आपके अध्ययन केंद्र ने आपको उपलब्ध कराया हो केवल उसके मार्गदर्शन में ही करें।

बी.एस.डब्ल्यू., प्रथम वर्ष के लिए आपको बी.एस.डब्ल्यू.ई.–001 और अन्य आधार पाठ्यक्रम के लिए प्रत्येक का एक–एक अध्यापक जांच सत्रीय कार्य (टी.एम.ए.) करना है।

जुलाई 2007 सत्र से बी.एस.डब्ल्यू. के सभी विद्यार्थियों से अपेक्षा की जाती है कि उन्हें क्षेत्र कार्य (समाज कार्य प्रैक्टिकम): 35% आके के साथ उत्तीर्ण करना अनिवार्य है जिसे आप निम्नलिखित से प्राप्त करेंगे।:

(i) क्षेत्र कार्य पर्यवेक्षक, और (ii) बाह्य परीक्षक

समाज कार्य अभ्यास (प्रैक्टिकम) में उत्तीर्ण होने के अवसर, उस पर्यवेक्षक पर निर्भर है जो आपका मार्गदर्शन करेगा। याद रखिए कि केवल योग्यता प्राप्त पर्यवेक्षक जिसके पास एम.एस.डब्ल्यू./एम. ए. (समाज कार्य) की उपाधि है, वही आपके क्षेत्र कार्य के लिए आपका मार्गदर्शन करने के लिए पात्र है। यदि इस संबंध में आप कोई कठिनाई अनुभव करते हैं तो आप अपने अध्ययन केन्द्र के अपने संचालक से चर्चा कर सकते हैं। आप समाज कार्य विद्यापीठ में डॉ. जी. महेश से फोन नं. 011–29534394 अथवा gmahesh@ignou.ac.in पर भी संपर्क कर सकते हैं।

आप अपना क्षेत्र कार्य जर्नल अपने अध्ययन केन्द्र में क्षेत्र कार्य पर्यवेक्षक (Field Work Supervisor) के पास जमा करा सकते हैं। क्षेत्र कार्य पर्यवेक्षक आपकी रिपोर्ट का मूल्यांकन करने के बाद इसे आपके अध्ययन केन्द्र के संचालक के पास भेज देगा ताकि यह कुलसंचिव, विद्यार्थी मूल्यांकन प्रभाग, इं.गां.रा.मु.वि., मैदान गढ़ी, नई दिल्ली को प्रेषित किया जा सके।

चूंकि समाज कार्य एक व्यावसायिक अध्ययन कार्यक्रम है, इसलिए विद्यार्थियों को नेशनल एसोसिएशन ऑफ प्रोफेशनल सोशल वर्कर्स इन इंडिया (एन.ए.पी.एस.डब्ल्यू.आई.) में विद्यार्थी सदस्यता लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। अधिक जानकारी के लिए आप www.napswionline.org पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

आप समाज कार्य और इससे जुड़े विषयों पर संबंधित सेमीनार, सम्मेलन और कार्यशाला में भाग भी लेना चाहेगें। NAPSWI e-journal आपको नियमित आधार पर अन्य सूचना के साथ–साथ यह जानकारी प्रदान करेगा जो समाज कार्यकर्ताओं और अर्ध–व्यावसायिकों के लिए अत्यंत उपयोगी है।

समाज कार्य विद्यापीठ द्वारा आयोजित किए जाने वाली समाज कार्य व्यावसायिकों और विद्यार्थियों के सेमीनारों, सम्मेलनों और बैठकों के संबंध के कृपया www.ignou.ac.in पर लॉग आन करें, तथा विद्यापीठों पर और उसके बाद समाज कार्य विद्यापीठ पर क्लिक करें।

(ग्रेशियस थॉमस)
निदेशक, समाज कार्य विद्यापीठ
इग्नू, नई दिल्ली

**बी एस डब्ल्यू ई–001**

**समाज कार्य का परिचय**

**पाठ्यक्रम कोड : बी.एस.डब्ल्यू. ई. – 001**

**कुल अंक : 100**

नोट : (i) सभी **पांचो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

(ii) सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।

(iii) प्रश्न संख्या **1 और 2** के उत्तर (प्रत्येक) **500 शब्दों** से अधिक नहीं होने चाहिए।

(1) भारतीय सामाजिक कार्यकर्ताओं के लिए नीति–संहिता के प्रारूप पर चर्चा कीजिए तथा सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा नैतिकतापूर्ण निर्णय लेने में सामने आने वाली समस्याओं की विवेचना कीजिए। 20

अथवा

संयुक्त राज्य अमेरिका में समाज कार्य के इतिहास पर प्रकाश डालिए। 20

(2) जाति की अवधारणा को समझाइये तथा भारतीय समाज पर इसके प्रभाव की चर्चा कीजिए। 20

अथवा

समाज कार्य शिक्षा और अभ्यास के लिए मनोविज्ञान की विभिन्न भाषाओं की उपयोगिता पर चर्चा करें। 20

(3) निम्नलिखित में से **किन्हीं दो प्रश्नों** का उत्तर लगभग **250 शब्दों** में दीजिए।

(i) सामाजिक आंदोलन एवं सामाजिक सुधार की संक्षिप्त में व्याख्या कीजिए। 10

(ii) नवीं पंचवर्षीय योजना में समाज कल्याण की रणनीति तथा केन्द्र बिन्दु का वर्णन कीजिए। 10

(iii) समाजीकरण क्या है? समाजीकरण की एजेंसयों का वर्णन कीजिए। 10

(iv) बचपन (early childhood) का मानव वृद्धि एवं विकास के एक चरण के रूप में वर्णन कीजिए। 10

(4) निम्नलिखित में से **किन्हीं चार प्रश्नों** का उत्तर लगभग **150 शब्दों** में दीजिए।

(i) परिवार की सामान्य विशेषताओं का वर्णन कीजिए। 5

(ii) समाज कार्य की व्यावसायिक स्थिति पर फ्लेक्सनर द्वारा की गई टिप्पणी की चर्चा कीजिए। 5

(iii) व्यावसायिक समाज कार्य की विचारधाराओं की संक्षेप में चर्चा कीजिए। 5

(iv) समुदाय की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए। 5

(v) संस्कृति, समाज और व्यक्ति के संबंधों की संक्षिप्त चर्चा कीजिए। 5

(vi) वे कौन से कारक है जो सीखने को बढ़ावा देते हैं? 5

(5) निम्नलिखित में से **किन्हीं पाँच** पर लगभग **100 शब्दों** में टिप्पणी कीजिए।

(i) किशोरावस्था के दौरान शारीरिक परिवर्तन 4

(ii) साइकोसैक्शुअल (Psychosexual) विकास का ऑरल (Oral) चरण 4

(iii) बोध (Perception) 4

(iv) दमन (Repression) 4

(v) व्यक्तित्व विकार 4

(vi) समाज कार्य शिक्षा परिषद (Council of Social Work Education) 4

(vii) अध्यात्मिकता और समाज कार्य 4

(viii) सामाजिक संबंधों के एक जाल के रूप में समाज 4